भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3333**

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

**कोल्हापुर शहर में भारी यातायात**

3333. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कोल्हापुर शहर में, विशेषकर शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों, शहरी यातायात और अंतर-जिला यातायात की आवाजाही के कारण यातायात में वृद्धि की जानकारी है;

(ख) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शिवाजी पुल डबल डेकर ब्रिज और संबंधित यातायात सुधार कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए 17.02.2025 को अनुदेश जारी किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोल्हापुर नगर निगम को संबंधित विभागों के समन्वय से उपयोगिता स्थानांतरण कार्य करने का निर्देश दिया गया है और क्या आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार का कोल्हापुर शहर में भारी यातायात को कम करने के लिए इन कार्यों को प्राथमिकता देने और इनके शीघ्र निष्पादन को सुनिश्चित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) कोल्हापुर शहर से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग 166 पर शिवाजी ब्रिज से लेकर सीपीआर चौक-विनस कॉर्नर-दाभोलकर कॉर्नर-तावड़े होटल तक, खासकर व्यस्त समय में यातायात की भीड़ देखी गई है। उक्त खंड का रखरखाव कोल्हापुर नगर निगम द्वारा किया जाता है। तथापि, कोल्हापुर शहर के लिए बाईपास निर्माणाधीन है और वित्त वर्ष 2026-27 में इसका पूरा होना निर्धारित है।

इसके अलावा, सरकार शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के मौजूदा खंड/ बाईपास के उन्नयन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन/ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य करती रहती है। जहां तक कोल्हापुर शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की भीड़भाड़ का संबंध है, महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा कोल्हापुर नगर निगम के माध्यम से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। डीपीआर के परिणाम के आधार पर, यातायात सघनता, ऐसे कार्यों के लिए लागू दिशानिर्देश और पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ परियोजना के तालमेल को ध्यान में रखते हुए एलिवेटेड फ्लाईओवर की परियोजना को शुरू करने की व्यवहार्यता की जांच की जाएगी।

*****